# Prakash Industries Limited

**Srivan, Bijwasan, New Delhi - 110061**
**CIN : L27109HR1980PLC010724**
**Tel.: +91-11-41155320 / 41155321 / 41155322**
**E-mail : pilho@prakash.com, Website : www.prakash.com**


PIL/SE/AGM&BC/2025

8th September, 2025

Listing Department
BSE Ltd.
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai-400001

Company Code : **506022**

Listing Department
National Stock Exchange of India Ltd
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1
G Block,Bandra-Kurla Complex,
Sandra (E), Mumbai - 400051

Company Symbol : **PRAKASH**

**Sub: Newspaper clipping of notice of 44th Annual General Meeting, Book Closure and E-voting**

Dear Sir/Madam,

In terms of Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Company has given notice of 44th Annual General Meeting, Book Closure and E-voting in the Newspaper Business Standard (English & Hindi) editions. We are enclosing herewith newspaper clipping of aforesaid notices for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Prakash Industries Limited**

Arvind Mahla
Digitally signed by Arvind Mahla
Date: 2025.09.08 12:13:23 +05'30'

PRAKASH INDUSTRIES LIMITED
NEW DELHI

**(Arvind Mahla)**
**Company Secretary &**
**Compliance Officer**

Encl: as above

**केनरा बैंक Canara Bank** A Government of India Undertaking — Together We Can

**SITAPURA JAIPUR BRANCH (4860)** — **WITHDRAWL NOTICE**

**DATE: 05-09-2025**

**Smt. Hemlata Saini W/o Babu Lal Saini** Wad No. 02, Bada Kunwa, Chaksu, Jaipur

**WITHDRAWAL OF POSSESSION NOTICE i.e. NOTICE U/S 13(4) OF SECURITIZATION AND RECONSTRUCTION OF ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT, 2002 (HEREINAFTER CALLED 'Act' DATED 08.05.2025**

Dear Sir(s)

Please refer to our notice dated 08.05.2025 on the captioned subject & note that without prejudice to the bank's rights & conditions, the previous possession notices i e notice under section of 13 (4) of the SARFAESI Act 2002 is hereby withdrawn and possession of below mentioned property taken on 08.05.2025 is **HEREBY RESTORED.**

**Description of the Immovable Property**

All that part and parcel of the property consisting of Residential Flat NO. L-B/IV/07, Fourth Floor, Block B, Known as Vasundhara Kutumb Situated at Village Bilwa Kalan, Near Chokhi Dhani, Tehsil Sangnaner, Tonk Road, Jaipur **Bounded-** East Flat No. L-B/IV/08, West Flat No. L-B/IV/06, North Open to Sky, South Corridor

However, Bank reserves its right to re-initiate action under SARFAESI Act 2002 to recover Bank's dues.

**Your Faithfully**

**Assistant General Manager (Authorised Officer)**

---

# ROTO PUMPS LTD.

Roto pumps since 1968

**CIN**: L28991UP1975PLC004152
**Regd. Off.**: Roto House, Noida Special Economic Zone, Noida – 201305
**Tel.**: +91 120 2567902-05, **Fax** +91 120 2567911
**Email**: investors@rotopumps.com **Website**: www.rotopumps.com

**NOTICE OF THE 50TH ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE**

Notice is hereby given that the 50th Annual General Meeting ("AGM") of the Members of Roto Pumps Limited ("Company") will be held on Monday, September 29, 2025 at 11:30 A.M. through Video Conferencing ("VC")/ Other Audio Visual Means ("OAVM"), to transact the business set out in the notice convening the 50th AGM, in accordance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 ("Act"), and the rules made thereunder, read with circulars issued by Ministry of Corporate Affairs dated September 19, 2024, and circular dated May 05, 2020 and other relevant circulars issued from time to time (MCA Circulars) and SEBI Circular dated May 12, 2020 and subsequent circulars issued in this regard, the latest being, Circular dated October 03, 2024 ("SEBI Circulars") (collectively referred to as the "relevant circulars").

The notice of the meeting and Annual Report for the financial year ended March 31, 2025 has been sent to the members electronically to the e-mail address registered with the Company/Depository Participants ("DP"). Shareholder holding shares in dematerialized mode are requested to register their e-mail address and mobile number with respective DP. Shareholders holding shares in physical form are requested to furnish their e-mail address and mobile number with Company's Registrar i.e. RCMC Share Registry Private Ltd., Add.: B-25/1, Okhla Industrial Area, Phase -2, Near Rana Motors, New Delhi-110020, Email: investor.services@rcmcdelhi.com; website: www.rcmcdelhi.com. The Electronic copy of the notice and the Annual Report is available on the Company's website www.rotopumps.com and on the website of stock exchanges i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com.

The Company is providing e-voting facility to its members pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rules made thereunder and Regulation 44 of SEBI ("LODR") Regulations, 2015, for transacting all the business items as mentioned in the Notice of the 50th AGM. The facility is provided through e-voting platform of National Securities Depository Ltd at 'www.evoting.nsdl.com' and shall be available from 9:00 AM on Friday, September 26, 2025 to 5:00 PM on Sunday, September 28, 2025. The remote e-voting module shall be disabled thereafter and will not be allowed beyond the said date and time. The members who have not cast their vote through remote e-voting can exercise their voting rights at the AGM. The members who have cast their vote by remote e-voting may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their votes again.

Any person who acquires the shares of the Company and becomes a member after dispatch of the notice and holding shares as on the cut-off date i.e. September 22, 2025 may obtain the login Id and password by sending a request at evoting@nsdl.com. However, if the member is already registered with NSDL for remote e-voting, then the existing id and password can be used by the member for casting their vote. A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting in the general meeting.

In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on.: 022 - 4886 7000 or send a request to Mr. Amit Vishal at evoting@nsdl.com.

It is further notified that pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 and Rules made thereunder and Regulation 42 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company shall remain closed from Monday, September 22, 2025 to Monday, September 29, 2025 (both days inclusive) for the purpose of 50th AGM.

For **ROTO PUMPS LTD.**
Sd/-
**ASHWANI K. VERMA**
**COMPANY SECRETARY**

**Place: Noida**
**Dated: 07.09.2025**

---

# Prakash Industries Limited

**CIN :** L27109HR1980PLC010724
**Regd. Office :** 15 Km. Stone, Delhi Road, Hissar - 125044 (Haryana)

**NOTICE OF 44TH ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND E-VOTING**

Notice is hereby given that 44th Annual General Meeting (AGM) of the Members of Prakash Industries Limited will be held on Tuesday, the 30th September, 2025 at 12.30 p.m. through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM) facility in compliance with all the provisions of the Companies Act, 2013 and applicable rules made thereunder and Listing Regulations, read with Circulars issued by Ministry of Corporate Affairs (MCA) and Securities and Exchange Board of India (SEBI) to transact the business set out in the notice of AGM.

The AGM Notice and Annual Report for the Financial Year 2024-25 have been sent on 5th September, 2025 only through electronic mode to those members whose e-mail addresses are registered with the Depositories / Company. The Annual Report is also available on the Company's website at www.prakash.com, websites of Stock Exchanges viz. www.bseindia.com and www.nseindia.com and website of RTA viz. www.skylinerta.in

Further, in terms of Regulation 36(1)(b) of SEBI Listing Regulations a letter providing web-link indicating the exact path, where complete details of the Annual Report is available has been sent to the shareholders who have not yet registered their email id with the Company / Depositories.

The Company has provided the remote e-voting facility through Central Depository Services (India) Limited (CDSL) to the members of the Company to cast their vote through remote e-voting on the resolution(s) set out in the Notice.

**All the Members are hereby informed that :**

(i) the businesses as set out in the Notice of the AGM may be transacted through Voting by electronic means;

(ii) the remote e-voting facility period begins on Saturday, the 27th September, 2025 (9.00 a.m.) and ends on Monday, the 29th September, 2025 (5.00 p.m.). The members who have cast their votes by remote e-voting prior to the AGM may also attend and participate in the proceedings of the AGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their votes again;

(iii) the members can opt only one mode of voting i.e. remote e-voting or venue voting through VC/OAVM at the AGM;

(iv) the cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the AGM is Tuesday, 23rd September, 2025 and any person, who acquires the shares of the Company and becomes a Member of the Company after dispatch of Notice of the AGM and holds shares as on the cut-off date also eligible for voting by electronic means;

(v) the detailed procedure and instructions for e-voting and attending AGM through VC / OAVM is provided in the notes forming part of the Notice of AGM;

The Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Thursday, 18th September, 2025 to Saturday, 20th September, 2025 (both days inclusive) to determine the names of members eligible for payment of dividend @ 15% i.e. ₹ 1.50 per equity shares of face value of ₹ 10/- each for the Financial Year 2024-25.

The Resolutions proposed will be deemed to have been passed on the date of the AGM subject to receipt of the requisite number of votes in favour of the resolutions.

The Result of e-voting will be placed by the Company on its website viz. www.prakash.com within two days of the AGM and also communicated to the stock exchanges, where the shares of the Company are listed.

In case of any queries/grievances with regard to e-voting, kindly contact - Mr. Rakesh Dalvi, Sr. Manager, Central Depository Services (India) Limited, 25th Floor, A Wing, Marathon Futurex, N.M. Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai - 400013, E-mail id helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact at toll free No.18002109911 or Company Secretary at investorshelpline@prakash.com or Ph. No.+91-11-41155320 or RTA at admin@skylinerta.com or Ph. No.+91-11-40450193-97 or refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evotingindia.com, under Help section.

By order of the Board
For **Prakash Industries Limited**
Sd/-
**Arvind Mahla**
Company Secretary

Place : New Delhi
Date : 06th September, 2025

---

# AVANCE TECHNOLOGIES LIMITED

**CIN**: **L51900MH1985PLC035210**
**Registered Office:** #B-404, Technocity IT Park, MIDC, Mahape, Navi Mumbai, Maharashtra 400705. **Contact No:** +91 86558 65985
**Email**: info@avance.in | **Website**: www.avance.in

**NOTICE OF ANNUAL GENERAL MEETING**

Notice is hereby given that the 41st AGM of the members of AVANCE TECHNOLOGIES LIMITED ("the Company") will be held on Monday, 29.09.2025 at 12:00 P.M. IST through VC/OAVM, to transact the businesses as set out in the Notice of AGM:

**All the members are hereby informed that:**

1. The Company has completed dispatch of the Notice of AGM to the Members through permitted mode on 06.09.2025.
2. The facility of casting the votes by the members ("e-voting") will be provided by NSDL and the detailed procedure for the same is provided in the Notice of the AGM.
3. The cut-off date for determining the eligibility to vote through remote e-voting or at the AGM shall be 22.09.2025.
4. The remote e-voting period commences on 26.09.2025 (09:00 A.M.) and end on 28.09.2025 (05:00 P.M). member may also cast their votes at the time of AGM.

The results declared along with scrutinizer report within the prescribed period shall be displayed on the Company's Website and also communicated to the stock exchange. Members are requested to note that in case you have any queries or issues regarding e-voting, you may refer to the Frequently Asked Questions ('FAQs') and e-voting manual available at www.evoting.nsdl.com or under help section or write an email to evoting@nsdl.co.in or call 022 – 4886 7000 and 022 - 2499 7000 or send a request at evoting@nsdl.co.in..

**By Order of the Board**
**For Avance Technologies Limited**
**Sd/-**
**Latesh Poojary**
**Managing Director**
**DIN: 10414863**

**Date: 05.09.2025**
**Place: Mumbai**

---

# R SYSTEMS INTERNATIONAL LIMITED

[Corporate Identity Number : L74899DL1993PLC053579]
Registered Office: GF-1-A, 6, Devika Tower, Nehru Place, New Delhi - 110019
Corporate Office: 3rd Floor, Tower No. 1, IT/ITES SEZ of Artha Infratech Pvt. Ltd, Plot No. 21, Sector TechZone-IV, Greater Noida West, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201306, India
Phone: +91-120-4303500 | Email: rsil@rsystems.com | Website: www.rsystems.com

**NOTICE TO SHAREHOLDERS- SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUESTS OF PHYSICAL SHARES**

Notice is hereby given that in accordance with SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated July 02, 2025, shareholders of R Systems International Limited ("Company") are hereby informed that a special window has been made available for a period of six months, from July 07, 2025 to January 06, 2026, for the re-lodgement of transfer deeds which were lodged prior to the deadline of April 01, 2019, and were rejected, returned, or not attended to due to deficiencies in the documents, process, or otherwise. During this period, shares that are re-lodged for transfer will be processed only in demat mode. Due process shall be followed for such transfer-cum- demat requests.

Eligible shareholders who wish to avail this opportunity are requested to contact the Company's Registrar and Share Transfer Agent, MUFG Intime India Private Limited at Noble Heights, 1st Floor, Plot No. NH-2, C-1 Block, LSC, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi - 110058, Email Id: delhi@in.mpms.mufg.com, Tel No. 011-49411000, within the stipulated period.

**For R Systems International Limited**

**Bhasker Dubey**
**(Company Secretary & Compliance Officer)**

Date : September 08, 2025
Place : Greater Noida (U.P.)




## संक्षेप में

### अदाणी समूह करेगा 60 अरब डॉलर का निवेश

उद्योगपति गौतम अदाणी की अगुआई वाला अदाणी समूह वित्त वर्ष 2031-32 तक बिजली क्षेत्र में, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, उत्पादन और पारेषण/वितरण में लगभग 60 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है। *भाषा*


### ब्रिटानिया को ग्रामीण क्षेत्र से 50% बिक्री की उम्मीद

ब्रिटानिया को उम्मीद है कि अगले तीन से चार साल में उसकी घरेलू बिक्री का आधा हिस्सा ग्रामीण बाजारों से आएगा। कंपनी ऐसे क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए वितरण नेटवर्क का विस्तार कर रही है। कंपनी के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने यह जानकारी दी। *भाषा*

# चिप फर्मों, यूरोपीय व अमेरिकी आईडीएम से हो रही बात: सुबैया

**आशिष आर्यन**
नई दिल्ली, 7 सितंबर

सीजी पावर की सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई सीजी सेमी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनियों और यूरोप व अमेरिका की इंटिग्रेटेड डिवाइस मैन्युफैक्चरर (आईडीएम) से बातचीत कर रही है, जो साणंद संयंत्र में उनके चिप के पैकेज के लिए है। सीजी पावर के चेयरमैन वेलायन सुबैया ने ये बातें कही।



सुबैया ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, कुछ लोगों ने पहले ही इसमें रुचि दिखाई है और हमारे उत्पादों का परीक्षण करने के लिए यहां आना शुरू कर दिया है। यह प्रक्रिया हमारे लिए उत्साहजनक है। इसलिए उपभोक्ता, औद्योगिक और ऑटोमोटिव (सेमीकंडक्टर चिप्स) पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा यहां वही होगा जो ग्राहक चाहते हैं। वे हाल ही में संपन्न सेमीकॉन इंडिया के 2025 संस्करण के अवसर पर बोल रहे थे।

सुबैया ने कहा कि आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली ऐंड टेस्ट (ओएसएटी) और असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) संयंत्रों के संभावित ग्राहक आमतौर पर तब तक गंभीर बातचीत में शामिल नहीं होते हैं जब तक कि इन इकाइयों से पैक किए गए सेमीकंडक्टर चिप्स को योग्य नहीं बनाया जा सकता, ग्राहक के मानकों पर परीक्षण नहीं किया जा सकता और फिर वाणिज्यिक स्तर तक नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने कहा, अब हमारे पास एक संयंत्र है, जिसे हम उन्हें दिखा सकते हैं। यही सबसे रोमांचक बात है। यह संयंत्र पहले से ही काम कर रहा है और हमारे सबसे बड़े ग्राहक रेनेसास के लिए चिप्स को क्वालिफाई कर रहा है। तो अब बाकी संयंत्र भी आ रहे हैं। उम्मीद है कि हम उनमें से कुछ को भी क्वालिफाई करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए तैयार कर लेंगे।

साणंद संयंत्र (जहां सीजी पावर की सीजी सेमी 7,600 करोड़ रुपये तक निवेश करने की योजना बना रही है) का निर्माण रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन और थाइलैंड की स्टार्स माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साझेदारी में किया जा रहा है। सीजी सेमी ने हाल ही में भारत की पहली एंड-टू-एंड सेमीकंडक्टर चिप ओएसएटी प्रायोगिक लाइन लॉन्च की है और उसे उम्मीद है कि वह साणंद में अपनी जी-1 सुविधा से चिप्स का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर देगी।

तीन किलोमीटर दूर जी-2 सुविधा का निर्माण भी 2026 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। जी-2 सुविधा का निर्माण पूरा होने के बाद उस संयंत्र में उत्पादित चिप्स को भी अंतिम ग्राहकों द्वारा योग्यता परीक्षण से गुजरना होगा। सुबैया ने कहा कि योग्यता प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद उस संयंत्र से चिप्स का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा, गुणवत्ता एक आवश्यक मानदंड है। अगगर आप आवश्यक गुणवत्ता और यील्ड प्राप्त नहीं करते हैं तो आपको मेज पर बैठने का भी मौका नहीं मिलेगा। एक बार जब आप गुणवत्ता और यील्ड दोनों प्राप्त कर लेते हैं तो अगला चरण आपूर्ति श्रृंखला की लागत और प्रभावशीलता पर केंद्रित होते हैं। ये भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

इस वर्ष अगस्त में उद्घाटित प्रायोगिक लाइन की क्षमता 5 लाख चिप्स रोजाना है जबकि निर्माणाधीन जी-2 सुविधा की अधिकतम क्षमता 145 लाख चिप्स रोजाना होने की उम्मीद है।

प्रायोगिक लाइन और जी-1 सुविधा पर अभी करीब 200 लोग काम कर रहे हैं, जिनमें कई प्रवासी शामिल हैं। सुबैया ने बताया कि कुल मिलाकर सीजी पावर को उम्मीद है कि जी-1 और जी-2 सुविधाओं में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के बाद दोनों में करीब 2,500 लोगों को सीधे तौर पर रोजगार मिलेगा।

# 1.5 अरब डॉलर का और निवेश करने की तैयारी में योट्टा

**अभीक दास**
बेंगलूरु, 7 सितंबर




**योट्टा** इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत में एआई के बढ़ावे पर जोर देने के लिए 8,000 और एनवीडिया जीपीयू की खरीद के वास्ते 1.5 अरब डॉलर का नया निवेश करने की योजना बना रही है। ये जीपीयू सरकार के भारत एआई मिशन के लिए चल रही तैनाती के लिए होंगे। कंपनी के मुख्य कार्य अधिकारी सुनील गुप्ता ने यह जानकारी दी है।

रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी हीरानंदानी परिवार के निवेश वाली योट्टा अपने पहले दौर के 8,000 जीपीयू तकरीबन पूरी तरह तैनात कर चुकी है। ये जीपीयू सर्वम एआई और सॉकेट एआई जैसी एआई स्टार्टअप कंपनियों को दिए गए हैं, जो स्वायत्त लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) बनाने की कोशिश कर रही हैं। 8,000 जीपीयू के दूसरे दौर का ऑर्डर पहले ही दे दिया गया है तथा दिसंबर या अगले साल की शुरुआत तक इनका इस्तेमाल शुरू हो जाएगा।

योट्टा इन्फ्रास्ट्रक्चर के मुख्य कार्य अधिकारी सुनील गुप्ता ने बिज़नेस स्टैंडर्ड के साथ विशेष बातचीत में कहा, 'मैंने सरकार से सैद्धांतिक रूप से इस बात की प्रतिबद्धता जताई है कि हम 8,000 और बी200 एनवीडिया जीपीयू की खरीद करना चाह रहे हैं। वे मुझ पर दिसंबर तक ऑर्डर पूरा करने के लिए जोर दे रहे हैं क्योंकि उन्हें ये सभी नए ऑपरेटरों को देने हैं।' अगर तीसरे दौर का ऑर्डर भी मध्य अवधि में दिया जाता है, तो पिछले कुछ वर्षों में योट्टा का कुल पूंजीगत व्यय तकरीबन 3.5 अरब डॉलर से 4 अरब डॉलर के आसपास हो जाएगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका और भारत के बीच मौजूदा टैरिफ युद्ध तथा व्यापार संबंधी तनाव चिंता का विषय है और क्या इसका असर योट्टा के निवेश पर पड़ेगा, गुप्ता ने कहा 'फिलहाल एनवीडिया जैसी कंपनियों की चिपों तक भारत की पहुंच पर कोई प्रतिबंध नहीं है और हम अपनी जरूरत की चीजें खरीदने में सक्षम रहे हैं। हालांकि एससीओ शिखर सम्मेलनों और बदलते व्यापारिक रुख समेत हाल के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को देखते हुए हमेशा एक जोखिम बना रहता है, भले ही वह दूर हो, कि भविष्य के फैसले आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि मैं इसे तत्काल जोखिम के रूप में नहीं देखता, लेकिन यह ऐसा क्षेत्र है जिस पर हम लगातार बारीकी से नजर रख रहे हैं।'

गुप्ता ने बताया कि जीपीयू के पहले सेट में से सर्वम को लगभग 4,100 और सॉकेट एआई को 1,536 जीपीयू दिए गए। सर्वम एआई को भारत एआई मिशन द्वारा देश का पहला स्वायत्त एलएलएम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए चुना गया था। इसमें 2047: सिटीजन कनेक्ट तथा एआई4प्रगति जैसे उपयोग के मामलों के जरिये प्रशासन और सार्वजनिक सेवा पहुंच को बेहतर बनाने के लिए एक ओपन सोर्स वाला 120 अरब पैरामीटर का एआई मॉडल विकसित किया गया था। सॉकेट भारत का पहला ओपन सोर्स 120 अरब पैरामीटर वाला मूल मॉडल विकसित करेगी, जो देश की भाषाई विविधता के लिए सुव्यवस्थित होगा तथा रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्र इसके लक्ष्य होंगे।

# दर कटौती से बढ़ेगी येज्दी, जावा बाइक की चमक

**क्लासिक** लीजेंड्स के सह-संस्थापकों का मानना है कि जीएसटी सुधारों से चर्चित मोटरसाइकल ब्रांड येज्दी और जावा अपनी वापसी की राह पर 'किसी और ब्रांड से ज्यादा बेहतर तरीके से अपनी चमक बिखेरेंगे।' ये ब्रांड 90 के दशक के मध्य में नीतिगत बदलाव के कारण बाजार से गायब हो गए थे।

क्लासिक लीजेंड्स के प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक अनुपम थरेजा और सह-संस्थापक बोमन ईरानी ने एक संयुक्त साक्षात्कार में एजेंसी को बताया कि 350 सीसी तक के दोपहिया वाहन पर 28 प्रतिशत के बजाय 18 प्रतिशत की संशोधित जीएसटी दर लागू होने के बाद दोनों ब्रांडों की बाइक की कीमत दो लाख रुपये से कम हो जाएगी। इस कटौती का पूरा लाभ कंपनी ग्राहकों को देगी। मौजूदा समय में, दोनों ब्रांडों के विभिन्न मॉडल की कीमत 1.72 लाख रुपये से 2.35 लाख रुपये के बीच है।

दूसरी ओर, 350 सीसी से ज्यादा क्षमता वाली मोटरसाइकल पर 31 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत की विशेष दर (उपकर सहित) कंपनी के दूसरे मोटरसाइकल ब्रांड बीएसए को नुकसान भी पहुंचाएगी।

हालांकि, उन्होंने सरकार के इस कदम की सराहना की है जिससे 'आम आदमी की जेब पर सकारात्मक असर पड़ेगा।'

दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दर में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर थरेजा ने कहा, 'एक भारतीय होने के नाते, मैं खुश हूं और विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं कि भले ही मुझे 650 सीसी में नुकसान हुआ हो, लेकिन आपने (सरकार ने) मुझे 350 सीसी के लिए पर्याप्त दिया है।' उन्होंने कहा कि पहले, जावा और येज्दी कीमत के मामले में '15-20 लाख वाहन के बाजार आकार वाले खंड में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। *भाषा*

# यूपीआई पर हर महीने रद्द हो रहे 2 करोड़ ऑटोपे के निर्देश

**अजिंक्य कावले**
मुंबई, 7 सितंबर

**यूनिफाइड** पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) पर 2 करोड़ से अधिक ऑटोपे के निर्देश हर महीने रद्द होते हैं। सूत्रों के अनुसार इसकी वजह उपयोगकर्ताओं के खातों में जरूरी बैलेंस कम हो जाना है। जिन मामलों में नियमित भुगतान रद्द होते हैं, उनमें एंटरटेनमेंट या ओवर-द-टॉप (ओटीटी) का भुगतान, ऋण भुगतान, निवेश, यूटीलिटीज और अन्य स्वचालित भुगतान शामिल हैं।

यूपीआई ऑटोपे उपयोगकर्ताओं को किसी भी यूपीआई भुगतान ऐप्लिकेशन का उपयोग करके नियमित ई-मैंडेट जनरेट करने में सक्षम बनाता है। यह उपयोगकर्ताओं को अवधि के हिसाब से यूपीआई का उपयोग करके भुगतान करने के लिए समयबद्ध निर्देश तय करने की सुविधा देता है।

दूसरी ओर नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि जुलाई 2025 में धन भेजने वाले बैंकों ने 5 करोड़ से अधिक नए ऑटोपे मैंडेट पंजीकरण दर्ज किए जो जुलाई 2024 के लगभग 2.6 करोड़ पंजीकरण से दोगुने हैं।

मामले के जानकार सूत्र ने बताया, 'हर महीने ऑटोपे मैंडेट रद्द होने का आंकड़ा 2 करोड़ पर पहुंच गया है। डेबिट इसलिए नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि उपयोगकर्ता के बैंक खाते में पर्याप्त धन राशि नहीं होती है। एसआईपी या ऋण चुकाने जैसे छोटे निवेश के निर्देश के कई मामले हैं।' एनपीसीआई को इस बारे में भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं आया।

एक दूसरे भुगतान अधिकारी ने बताया, 'ऑटोपे मैंडेट ऋण वितरण प्रक्रिया के दौरान किया जाता है जिसमें पंजीकरण सफल होते हैं। हालांकि उपयोगकर्ता के उस बैंक खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण ऑटोपे विफल हो जाता है।'

# बालाजी वेफर्स में 10 फीसदी हिस्सा बेचेंगे प्रवर्तक!

पृष्ठ 1 का शेष

**निवेशकों** से जुटाए गए रिकॉर्ड पूंजी से निजी इक्विटी फंड भारत के ब्रांडेड कंज्यूमर, टेक्नॉलजी और हेल्थकेयर क्षेत्रों में अवसर तलाश रहे हैं। एक अमेरिकी निवेशक ने कहा कि वे उपभोक्ता कंपनियों में सक्रियता से सौदे की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'हम भारत में कई कंज्यूमर कंपनियों के साथ सक्रियता से बात कर रहे हैं।'

वर्तमान में इस क्षेत्र की प्रताप स्नैक्स और बीकाजी फूड्स इंटरनैशनल शेयर बाजार में सूचीबद्ध हैं। शुक्रवार को बाजार बंद होने तक प्रताप स्नैक्स का मूल्यांकन 2,379 करोड़ रुपये था जबकि बीकाजी फूड्स इंटरनैशनल का कुल बाजार मूल्यांकन 20,053 करोड़ रुपये रहा। गुजरात के राजकोट मुख्यालय वाली बालाजी वेफर्स, बालाजी ब्रांड के तहत चिप्स, नमकीन और कन्फेक्शनरी की बिक्री करती है। कंपनी की पश्चिमी और मध्य भारत में मजबूत उपस्थिति है। बालाजी वेफर्स ब्रिटेन, अमेरिका और पश्चिम एशिया सहित अन्य बाजारों में अपने उत्पाद का निर्यात भी करती है।

कैपिटालाइन के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की शुद्ध बिक्री या आय 5,453.7 करोड़ रुपये रही जो 2023 की तुलना में से 10.7 फीसदी अधिक है। इस दौरान कंपनी का कर बाद लाभ 41.4 फीसदी बढ़कर 578.8 करोड़ रुपये रहा। ट्रैक्सन के आंकड़ों से पता चलता है कि इसके बोर्ड में विरानी बंधुओं, केयूर विरानी और समीर चड्ढा के साथ-साथ स्वतंत्र निदेशक मिहिर विरानी, मनसुखलाल भांडेरी और प्रणय विरानी सहित आठ सदस्य हैं।

आईएमएआरसी के अनुसार 2024 में भारत में पैकेज्ड फूड बाजार का आकार 121.3 अरब डॉलर था जिसके 2033 तक 6.5 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि दर से बढ़कर 224.8 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

# 'हाल की घटनाएं एयरलाइन के लिए सामान्य'

**एयर** इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने रविवार को कर्मचारियों से कहा कि एयरलाइन में परिचालन संबंधी हादसे हमारे पैमाने और आकार के संदर्भ में सामान्य थे, भले ही पिछले तीन महीनों में विमानन कंपनी को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

बिजनेस स्टैंडर्ड द्वारा समीक्षा किए गए उनके संदेश में कहा गया है, 'पिछले कुछ महीनों में, हमारे संचालन ने आंतरिक और बाहरी, दोनों तरफ से महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है।'

उन्होंने कहा, 'सभी एयरलाइनों की तरह, हमें भी कई तरह की परिचालन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें से कुछ हमारे नियंत्रण में होती हैं और कुछ नहीं। जब सबकी नजरें हम पर होती हैं, तो समय पर, स्पष्ट और सटीक जानकारी और सही संदर्भ प्रदान करना बेहद जरूरी होता है।'

सीईओ ने कहा कि एयर इंडिया ने घटनाओं की रिपोर्टिंग में ज्यादा स्वायत्तता अपनाई है।



उन्होंने लिखा है, 'हाल के सप्ताहों में, हम घटनाओं की रिपोर्टिंग में, चाहे वे कितनी भी छोटे क्यों न हों, सामान्य से कहीं अधिक पारदर्शी रहे हैं। यह पारदर्शिता, समय के साथ, विश्वास बनाने में मदद करेगी। हालांकि, अल्पावधि में इससे स्वाभाविक रूप से समाचार कवरेज में वृद्धि होती है और एयर इंडिया समूह में हर दिन 1,200 से ज्यादा उड़ानों (लगभग हर मिनट एक) को देखते हुए, यह बहुत ज्यादा लग सकता है। हालांकि, हमारे पैमाने और आकार के संदर्भ में, घटना की दर पूरी तरह से सामान्य है।'

12 जून को, अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान एआई-171, उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक कॉलेज की इमारत से टकरा गया, जिसमें 260 लोग मारे गए और केवल एक ही व्यक्ति जीवित बचा था।

जुलाई से, एयर इंडिया को परिचालन संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा है। 2 जुलाई को, दिल्ली-वाशिंगटन की एक उड़ान मैंटेनेंस संबंधी समस्याओं के कारण विएना में रुक गई, जिसके कारण दोनों दिशाओं की उड़ानें रद्द कर दी गईं। 21 जुलाई को, एक विमान ने दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान नहीं भरी, जबकि दूसरा मुंबई में बारिश से भीगे रनवे पर फिसल गया, जिससे टायर फट गए, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। *बीएस*

# ओयो: मूल कंपनी का नाम अब प्रिज्म

**ओयो** होटल्स की मूल कंपनी ओरावेल स्टेज ने अपना नाम बदलकर प्रिज्म करने का आज ऐलान किया। नाम में यह बदलाव वैश्विक पोर्टफोलियो के विस्तार और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के इरादे से किया गया है।

साल 2012 में बजट ट्रैवल-टेक ब्रांड के रूप में शुरुआत करते हुए ओयो ने किफायती आवास सुविधा मुहैया कराने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करते हुए छोटे होटलों को मानकीकृत और व्यवस्थित करने पर काम किया। इसके बाद से कंपनी विविध वैश्विक ट्रैवल-टेक, आतिथ्य-सत्कार श्रृंखला के रूप में विकसित हुई है। उसके 35 से अधिक देशों में 10 करोड़ से ज्यादा ग्राहक हैं।

कंपनी ने एक नोट में कहा है, 'प्रिज्म नाम कंपनी के तंत्र में स्पष्टता, विविधता और ब्रांडों की पूरी श्रृंखला का प्रतिनिधित्व करता है। ओयो ब्रांड बजट यात्रा के लिए अत्यधिक सरलता से पहचाने जाने योग्य, उपभोक्ता-उन्मुख पहचान के रूप में सेवा देना जारी रखेगा। यह ऐसा क्षेत्र है जिसे उसने परिभाषित किया है और वैश्विक स्तर पर अपनी ठोस छाप छोड़ी है।'

हाल में शेयरधारकों को लिखे पत्र में कंपनी ने 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की भी मंजूरी मांगी है। इससे उसकी अधिकृत शेयर पूंजी दोगुनी हो जाएगी। कहा जा रहा है कि कंपनी अपने आईपीओ के लिए इस साल के आखिर में मसौदा विवरण (डीआरएचपी) दाखिल करने की योजना बना रही है। *बीएस*

पावरग्रिड
POWERGRID

**गुरुग्राम में ऑफिस हेतु स्थान की आवश्यकता**

पावरग्रिड, एक अग्रणी सार्वजनिक उपक्रम, को तात्कालिक और अस्थायी लीज़ पर पूर्ण रूप से सुसज्जित / अर्ध-सुसज्जित वाणिज्यिक कार्यालय स्थान की आवश्यकता है। यह स्थान लगभग 250 कर्मचारियों के लिए आवश्यक है।

**आवश्यकताएँ:**
- स्थान का प्रकार: वाणिज्यिक कार्यालय भवन
- क्षमता: 20,000 से 25,000 वर्ग फुट सुपर एरिया
- स्थान: सेक्टर 29, सेक्टर 32, सेक्टर 43 एवं सेक्टर 44
- लीज़ अवधि: 12–36 माह (परियोजना की आवश्यकता अनुसार विस्तार योग्य)
- सुविधाएँ: 100% पावर बैकअप, पर्याप्त पार्किंग, एवं आधुनिक सुविधाएँ (जैसे मीटिंग रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल, शौचालय आदि) वाले स्थान को प्राथमिकता दी जायेगी
- उपलब्धता: तुरंत प्रवेश हेतु उपलब्ध
- पार्किंग: चार पहिया वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान

**प्रस्ताव आमंत्रण:**
- केवल प्रत्यक्ष संपत्ति मालिकों से प्रस्ताव आमंत्रित
- स्थान कॉर्पोरेट कार्य वातावरण के अनुकूल होना चाहिए
- इच्छुक मालिक उपरोक्त अनुसार स्थान उपलब्ध कराने हेतु अपना प्रस्ताव 12 सितम्बर 2025 तक नीचे दिए गए ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं

**संपर्क हेतु:**
अधिक जानकारी अथवा प्रस्ताव भेजने के लिए संपर्क करें:
Email: nidaquadeer@powergrid.in, vbaxla@powergrid.in

PG/CC/NIT(Amn)-04/ Ad-46/35-26

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजी. कार्यालय : बी-9, कुतब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
कॉर्पोरेट कार्यालय : "सौदामिनी", प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001, (हरियाणा)
एक महारत्न पीएसयू

**प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
CIN: L27109HR1980PLC010724
पंजीकृत कार्यालय: 15 किमी. स्टोन, दिल्ली रोड, हिसार-125044 (हरियाणा)

**44वीं वार्षिक साधारण बैठक, बही बंद रहने एवं ई-वोटिंग की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम सूचना में निर्धारित व्यवसायिक पहलुओं पर चर्चा करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 तथा उसके अंतर्गत गठित नियमों तथा सूचीकरण विनियमों के प्रावधानों के साथ पठित कॉरपोरेट मामले के मंत्रालय (एमसीए) तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी परिपत्रों के अनुपालन के तहत वीडियो कॉंफ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजूअल साधनों (ओएवीएम) के जरिए प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सदस्यों की 44वीं वार्षिक साधारण बैठक मंगलवार, 30 सितम्बर, 2025 को दोपहर 12.30 बजे आयोजित होगी।

एजीएम सूचना तथा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन 5 सितम्बर, 2025 को सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक तरीके से उन सभी सदस्यों को भेजे दिए गए हैं जिनकी ईमेल का पता डिपॉजिटरी/कंपनी के पास पंजीकृत है। वार्षिक प्रतिवेदन कंपनी की वेबसाइट www.prakash.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों यानी www.bseindia.com एवं www.nseindia.com तथा आरटीए की वेबसाइट यानी www.skylinerta.in पर भी उपलब्ध हैं।

आगे, सेबी सूचीकरण विनियमों के विनियम 36(1)(बी) के मद्देनजर उन शेयरधारकों को एक पत्र भेजा गया है, जिसमें सटीक पथ दर्शाने वाला वेब-लिंक दिया गया है, जहां वार्षिक रिपोर्ट का पूरा विवरण उपलब्ध है, जिन्होंने अभी तक कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं कराई है। कंपनी ने सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की है, ताकि कंपनी के सदस्य सूचना में निर्धारित प्रस्ताव पर रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकें।

**सभी सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि:**
(i) एजीएम की सूचना में निर्धारित विशेष व्यवसायिक पहलुओं पर निर्धारण इलेक्ट्रॉनिक पद्धति द्वारा वोटिंग के जरिए किया जा सकता है।
(ii) रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा शनिवार, 27 सितम्बर, 2025 को (सुबह 09.00 बजे) शुरू होगी तथा सोमवार, 29 सितम्बर, 2025 को (अपराह्न 5.00 बजे) समाप्त होगी। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वीटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा;
(iii) सदस्य मतदान का केवल एक ही तरीका चुन सकते हैं, अर्थात रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से स्थल मतदान;
(iv) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या एजीएम में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने की अंतिम तिथि मंगलवार, 23 सितंबर, 2025 है और कोई भी व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बनता है और अंतिम तिथि तक शेयर धारण करता है, वह भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के लिए पात्र है;
(v) वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में मतदान करने और उपस्थित होने की विस्तृत प्रक्रिया और निर्देशालियां एजीएम की सूचना के हिस्से के रूप में टिप्पणी में दिए गए हैं;

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रत्येक रु. 10/- के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर पर 15% की दर से यानी रु. 1.50 प्रति इक्विटी शेयर के हिसाब से लाभांश भुगतान के लिए पात्र सदस्यों के नाम निर्धारित करने के लिए कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण बही खाते गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 से शनिवार, 20 सितंबर, 2025 (दो दिन सहित) तक बंद रहेंगे।

प्रस्तावित प्रस्तावों को वार्षिक साधारण बैठक की तिथि को पारित माना जाएगा, बशर्ते कि प्रस्तावों के पक्ष में अपेक्षित संख्या में मत प्राप्त हो जाएँ।

मतदान का परिणाम कंपनी द्वारा एजीएम के दो दिनों के भीतर अपनी वेबसाइट www.prakash.com पर प्रकाशित किया जाएगा और उन स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित किया जाएगा जहाँ कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी तरह के प्रश्न/शिकायत रहने पर कृपया श्री राकेश दल्वी, वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, 25वीं मंजिल, ए विंग, मैराथन फ्यूचरेक्स, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर पारले (ईस्ट), मुंबई-400013, ईमेल आईडी helpdesk.evoting@cdslindia.com पर सम्पर्क करें अथवा टोल फ्री नं. 18002109911 अथवा कंपनी सचिव से investorshelpline@prakash.com अथवा दूरभाष नं. +91-11-41155320 अथवा आरटीए से admin@skylinerta.com अथवा दूरभाष नं. +91-11-40450193-97 के जरिए सम्पर्क करें अथवा फ्रीक्वेंटली ऑक्स्ड क्वेश्चन्स ("एफएक्यू") तथा www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन में उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देखें।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते **प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
हस्ता/-
**अरविंद महला**
कंपनी सचिव

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 06 सितम्बर, 2025

motilal oswal

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई–400025
ईमेल:–hfquery@motilaloaswal.com **सीआईएन नंबर:–** U65923MH2013PLC248741

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति/ओं हेतु)**

**(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के तहत नियम 8(1) के तहत)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी **मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्ववर्ती एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड)** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित दिनांकित मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें निम्नलिखित कर्जदारों से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अंदर नोटिस में उल्लिखित राशि जो नीचे भी उल्लिखित हो, को चुकाने का आह्वान किया गया है।

निम्नलिखित कर्जदारों द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, निम्नलिखित कर्जदारों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा(4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तारीख को नीचे वर्णित संपत्तियों पर कब्जा ले लिया है।

| क्र. सं. | ऋण करार सं./कर्जदारों/ सह–कर्जदारों/जमानतियों के नाम | मांग नोटिस की तारीख और बकाया राशि | भौतिक कब्जा लेने की तारीख | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति के समस्त भाग व खंड जिसमें |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LXMOYAMUNG5523-240702217 कर्जदार:– मिथु गुरुनाम सिंह सह–कर्जदार:– प्रियंका मिथु | 10.03.2025 रु. 27,53,315/– | 02.09.2025 | संपत्ति स्थित तहसील बरारा और जिला अंबाला, जिसका भूमि क्षेत्रफल 127 वर्ग गज या 4.23 मारला, जो भूमि माप 8 कनाल मारला का 16/605 हिस्सा है, जिसकी खेवत संख्या 2124/2566, खसरा संख्या 82//10, वर्ष 2020–2021 के लिए जमाबंदी, हरि मंदिर 133201 अंबाला हरियाणा |

विशेष रूप से कर्जदार और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन–देन न करने के लिए आगाह किया जाता है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन–देन ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए **मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है, जो प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को ऋणमुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

स्थान: हरियाणा
दिनांक: 08.09.2025
हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी,
मोतीलाल ओसवाल फाइनेंस लिमिटेड)

चंडीगढ़ संस्करण : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ आइडिया को वर्किंग, तृतीय तल, एस.सी.ओ 32, 33, 34 सेक्टर-17-सी, चंडीगढ़-160017 से प्रकाशित एवं इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
स्वामित्व : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें - सुश्री मानसी सिंह, हेड-कस्टमर रिलेशन्स। बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल : subs_bs@bsmail.in या 57575 पर REACHBS एसएमएस करें। कोई हवाई अधिभार नहीं